हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

14 रोजगार बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान, 100 से 125 दिन तक मिलेगा काम



16 होली में नगाड़ों की पूछताछ हुई कम, बिक्री हुई कम





## खबर संक्षेप

### बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

जगदलपुर। कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदन योजना कार्ड के लंबित हितग्राहियों को योजना से जोड़ने हेतु आयोजित विशेष शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिन पंचायतों में अधिक लंबित संख्या है उनमें प्लान कर एक सप्ताह में शत-प्रतिशत कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के प्रकरणों में हितग्राहियों का चिन्हांकित कर गर्भवती महिलाओं उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए उनको संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले में संचालित जन औषधि केंद्र की स्थिति, जीवन दीप समिति की राशि का उपयोग, एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत हाइपर टेंशन - डायबिटीज की जांच और फॉलोअप लेने के संबंध में चर्चा किए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधार अपडेट, जन्म तिथि और स्कूली दस्तावेजों में कमी पेशी को दूर करने की पहल जारी रखें और जल्द अपार आईडी के काम को पूरा करवाएं। स्कूलों में एमबीयू लंबित प्रकरणों के निराकरण में खंड शिक्षा अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही पूरा करें। उन्होंने कहा कि डाक विभाग द्वारा 0-5 वर्ष तक बच्चों का आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाती है इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ द्वारा शिविर आयोजित करवाने की पहल किया जाए। पीएम श्री स्कूलों में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशों पर विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

# चंद्रग्रहण के असर से आस्था थमी, शुद्धि उपरांत खुले मंदिरों के कपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार 3 मार्च को पड़े चंद्रग्रहण के चलते शहर में आस्था और परंपरा के अनुरूप मंदिरों के कपाट प्रातः 6.20 बजे बंद कर दिए गए। सूतक काल प्रारंभ होते ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना स्थगित कर दी और सुबह 9.07 बजे से पाक त्याग किया। दिनभर मंदिर परिसरों में सन्नाटा पसरा रहा तथा नियमित पूजन-अर्चन बंद रखा गया।


शहर के प्रमुख मंदिरों-मां दंतेश्वरी मंदिर,लक्ष्मीनारायण मंदिर, टीला वाले हनुमान मंदिर, श्री राम मंदिर,कंकालिन काली मंदिर, मावली मंदिर, श्री जगन्नाथ मंदिर,भैरम मंदिर,श्री बालाजी मंदिर, समुंद चौक स्थित श्री राम मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर,शीतला माता मंदिर, महादेव मंदिर, प्रतापदेव स्थित शिवालय,सीताराम मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर,धरमपुरा स्थित झाडेश्वर मंदिर, हतकचोरा स्थित हिंगलाजिन मंदिर,नया बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य देवालयों में धार्मिक परंपराओं का पालन किया गया। संध्या समय ग्रहण मोक्ष के उपरांत श्रद्धालुओं ने स्नान कर मंदिरों में गंगाजल से शुद्धिकरण किया। इसके बाद विधि-विधान से देव पूजन,आरती तथा दान-पुण्य का क्रम प्रारंभ हुआ।

आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया कि ग्रहण काल अपराह्न 3.20 से 6.47 बजे तक प्रभावी रहा। जगदलपुर में ग्रहण स्पर्श संध्या 6.07 बजे एवं सर्वमोक्ष 6.47 बजे के बाद पूर्ण मोक्ष काल माना गया। इसी कारण होली का धुलेंडी रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा।

**खास बातें**

- प्रातः सूतक लगते ही बंद हुए देवालयों के द्वार
- शाम 7 बजे मोक्ष काल के बाद गंगाजल से शुद्धिकरण
- आज मनेगा धुलेंडी का रंगोत्सव



### ग्रहण काल की प्रमुख समय-सारिणी

सूतक प्रारंभ प्रातः 6.20 बजे हुआ और इसी समय मंदिरों के कपाट बंद किए गए। सुबह 9.07 बजे से श्रद्धालुओं ने पाक त्याग कर धार्मिक अनुशासन का पालन किया। अपराह्न 3.20 बजे से ग्रहण का प्रभाव स्पष्ट रहा, जबकि संध्या 6.07 बजे ग्रहण स्पर्श माना गया। संध्या 6.47 बजे सर्वमोक्ष के साथ ग्रहण का समापन हुआ। इसके पश्चात स्नान, गंगाजल से शुद्धिकरण, देव पूजन और दान-पुण्य का क्रम संपन्न हुआ तथा देर शाम मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए पुनः खोल दिए गए।

## सीआरपीएफ व डीएफ की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# किस्टाराम में 40 फीट ऊंचे स्मारकों को फोर्स व पुलिस ने किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के धूर नक्सल प्रभावित किस्टाराम थाना क्षेत्र के सकलर गांव में नक्सलियों ने मारे गए अपने साथियों की याद में 40 फीट उंची स्मारकों को शहीदी सप्ताह के दौरान वर्ष 2016 व 2018 में बनाया था।

- मारे गए नक्सलियों की याद में सकलर गांव में बनाया गया था स्मॉरक

सूचना मिलने पर सीआरपीएफ सी 217 बटालियन व किस्टाराम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्मारकों को जमींदोज किया गया। सीआरपीएफ आईजी सीजी सेक्टर शालिन, राजेश पांडे डीआईजी कोंटा के मार्गदर्शन में विजय शंकर कमांडेंट 217 बटालियन के निर्देशानुसार, सी 217 बटालियन के सैनिकों और किस्टाराम पुलिस स्टेशन की टीम अभियान में रवाना हुई थी। सीआरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 40 फीट उंची स्मारक को नक्सलियों ने शहीदी सप्ताह के दौरान वर्ष 2016 व 2018 में मारे गए अपने साथी नक्सली ताती भेमई, देशू मुट्टे राजे, सोडी हुंगा, कलमू पोज्जा, सोढ़ी हिदमाई के नाम से बनाया था। सीआरपीएफ ने बताया की हमारी टीम लगातार अपने क्षेत्र में बने नक्सली स्मारकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से ध्वस्त कर उनके मन से नक्सलियों के भय को समाप्त कर सुरक्षा की भावना लाने प्रयासरत है।






### वीरागंग्लर में मंदिर का उद्घाटन

सुकमा जिले के वीरागंग्लर गांव में सीआरपीएफ 212 बटालियन द्वारा सामुदायिक सेवा का एक उल्लेखनीय उदाहरण पेश करते हुए द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक भव्य नागरिक कार्य कार्यक्रम का आयोजन कर बनाए गए मंदिर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान भण्डारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सुकमा जिले के सुदूर वीरागंग्लर गांव के 350-400 ग्रामीण सम्मलित हुए। इस दौरान 212 बटालियन के गौरव शर्मा उप कमान अधिकारी, निशांत सूद सहायक कमान अधिकारी और मराईगुड़ा एसएचओ उत्तम गावडे व अन्य मौजूद थे। सीआरपीएफ द्वारा शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की किताबें, बैग, ड्रेस और खेल सामग्री तथा ग्रामीणों में आवश्यकता क सामानों का वितरण किया गया।

# बढ़ने लगी तपिश जगदलपुर समेत राज्य में चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में अब गर्मी ने धीरे-धीरे असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा अनुमान के अनुसार प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना हुआ है। आने वाले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। जगदलपुर सहित बस्तर संभाग में दोपहर के समय धूप तीखी महसूस होने लगी है।

- अगले चार दिनों में 2–3 डिग्री तक बढ़ सकता है अधिकतम तापमान
- दिन में तेज गर्मी, सुबह–रात हल्की ठंडक का एहसास

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इसके बाद दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। यानी फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है और लोगों को तेज धूप से सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। इससे सुबह और रात के समय हल्की ठंडक बनी रह सकती है, जबकि दोपहर में गर्मी अधिक महसूस होगी। प्रदेश में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है। आसमान साफ बना हुआ है। दिन और रात के तापमान में अंतर आने वाले दिनों में भी बना रहेगा, जिससे मौसम शुष्क और गर्म बना रहेगा।



### द्रोणिका सक्रिय फिलहाल असर नहीं

पूर्वोत्तर बांग्लादेश और मेघालय से गंगीय पश्चिम बंगाल, आंतरिक ओडिशा और दक्षिणी छत्तीसगढ़ होते हुए विदर्भ तक समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक द्रोणिका (ट्रफ लाइन) बनी हुई है। हालांकि वर्तमान में इस सिस्टम का छत्तीसगढ़, विशेषकर जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं दिख रहा है। यदि इसकी सक्रियता बढ़ती है तो हल्के बादल छाने की स्थिति बन सकती है, किंतु फिलहाल वर्षा की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने नागरिकों को दोपहर के समय धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

# दंतेश्वरी मंदिर में चोरी का एक आरोपी मारकेल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की आराध्य मांई दंतेश्वरी मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने आखिरकार 41 दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चोरी की घटना के बाद से ही आरोपी मोनू यादव 27 साल निवासी शांतिनगर फ्रेजरपुर स्थाई पता ग्राम मंगनार थाना करपावड फरार हो गया था। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी धोत्रे सुमित कुमार के निर्देश में आरोपी की पतासाजी के लिए दर्जन भर अलग अलग टीम बस्तर समेत पड़ोसी राज्यों में तलाश कर रही थी। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मगनार करपावंड का मूल निवासी हैं जिसे नगरनार थाना क्षेत्र के मारकेल से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए मंगलसूत्र व सोने के हार का टुकड़ा बरामद किया गया है।

- 23 जनवरी की रात मंदिर से सोने चांदी के जेवरात किया था पार
- 41 दिन बाद पकड़ा गया आरोपी, भेजा गया जेल

गौरतलब है कि 23 जनवरी को दन्तेश्वरी मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी द्वारा मंदिर से पीतल की मूर्ति, चांदी की चैन एवं उसमे लगा हुआ सोने का लॉकेट, मंगलसूत्र एवं सोने का हार चोरी किया गया था घटना के तुरंत बाद चोरी को पकड़ने विभिन्न विशेष टीमें गठित की गई थी। पता तलाश दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर एवं शहर के विभिन्न स्थानों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज को खंगालने के बाद उसकी शिनाख्त मोनू यादव के रूप में हुई थी। जिसे मारकेल से पकड़कर हिरासत में लिया गया था।



### घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा हो गया था फरार

पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना कबूल करते हुए बताया कि चोरी करने के बाद वह अपने जैकेट में मूर्ति, चांदी का चैन व मंगलसुत्र रखा था। दूसरे जेब में सोने का हार जो मांईजी के मूर्ति से हार को खींचकर तोड़कर निकालकर रखा था जो भागते वक्त कहीं गिर गया एवं उसका कुछ टुकड़ा जेब मे रह गया था। जगदलपुर रेल्वे स्टेशन के पास जाकर पता चला की सोने का हार जो खींचते वक्त टुकड़ों में हो गया था, वो रास्ते मे कहीं गिर गया एवं कुछ जेब में पड़ा था। इस बीच स्टेशन में रेलवे पुलिस को देखकर डर से हार के टुकड़े और मंगलसूत्र को जगदलपुर रेल्वे स्टेशन के पास बरगद पेड़ के नीचे पत्थर के नीचे रख दिया। बाकी सामान मूर्ति पीतल, चैन चांदी का होने से अपने जेब में ही रखकर सुबह ट्रेन मे बैठकर कोसमी ओडिशा के लिए निकला एवं रास्ते में भंसुली ओडिशा रेलवे ब्रिज से नीचे नदी में ट्रेन से ही विसर्जन करना बताया। आरोपी मोनू यादव से मेमारण्डम कथन के आधार पर एक मंगलसूत्र एवं हार का टुकड़ा उसके बताये स्थान से जब्त किया गया। ब्रिज के पास विसर्जन किये हुए सामान का एसडीआरएफ एवं पुलिस द्वारा खोजबीन किया गया लेकिन नहीं मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

शहर के मध्य हुए चोरी की वारदात का खुलासा करने में डीएसपी गीतिका साहू व अमित देवांगन के अलावा निरीक्षक भोला सिंह राजपूत, लीलाधर राठौर, शिवानंद सिंह, दिलबाग सिंह, गौरव तिवारी, मोहम्मद तारिक, सुरेश जांगड़े, एसआई प्रमोद ठाकुर,अमित सिदार, अरूण मरकाम, एएसआई प्रमोद सिन्हा ,परिमल दास, प्रधान आरक्षक खेदु ठाकुर, सुनील मनहर,अहिलेश नाग, आरक्षक सोनू गौतम, प्रदीप कश्यप, रवि बघेल, मौसम गुप्ता, मुकुंद भंडारी, धर्मेंद्र ठाकुर, भीसम ठाकुर, कृष्णा नेताम, महेंद्र पटेल, शैलेश राज, महंगू कश्यप, युवराज ठाकुर, प्रकाश नायक, रंगलाल खरे, राजू बघेल, धर्मेंद्र सोनवानी,धर्मराज कश्यप, हेमचंद मौर्य, बलराम राणा, हिमांशु यादव, धर्मेंद्र कंवर, दिनेश जसकर, तरुण यादव, धनेश्वर यादव, सामदेव कश्यप, ओम प्रकाश साहनी व अमर बेसरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिजली की आस में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सुकमा एवं बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण बिजली की ऑस में है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। बिजली नहीं पहुंचने के कारण आज के आधुनिक युग में भी इन गांव के ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। घरों को रोशन करने के लिए ग्रामीण मिट्टी तेल से जलने वाली चिमनी का प्रयोग करते हैं। वहीं दूसरी ओर गांव के आसपास बीआरओ की ओर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, अब विद्युत कंपनी भी वहां तक बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रही है। अंदरूनी क्षेत्र के बेदरे, मंकीमारका, साकलोड, मुतवेंडी, कुरूस, कांवड़गांव, धरमावरम आदि ग्रामों में विद्युतिकरण का कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्र के बसाहटों में प्रत्येक घर को विद्युत प्रदाय किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

- ग्रामीण बिजली न होने से रात के समय कई बार सर्पदंश का हो रहे शिकार



### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने विद्युतिकरण कर रहे ▶▶|शेष पेज 13 पर

# बारह भुजा देव मड़ई में उमड़ी आस्था की भीड़, जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बस्तर लोकसभा अंतर्गत बीजापुर जिले के ग्राम बेंगलुरु में आयोजित पारंपरिक बारह भुजा देव मड़ई पेन करसाड़ में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पा रं प रि क रीति-रिवाजों के साथ देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।

- विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा और आदिवासी रीति से अतिथियों का स्वागत किया। मड़ई स्थल पर सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता की झलक स्पष्ट दिखाई दी।





कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विकास कार्यों को गति देने और स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का भरोसा दिलाया गया। बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**मड़ई आस्था,संस्कृति और सामाजिक एकता का पर्व :** बारह भुजा देव मड़ई केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि आदिवासी समाज की ▶▶|शेष पेज 13 पर

## आज से 19 मार्च तक विशाखापत्तनम–किरंदुल सेवा रहेगी आंशिक

# केके लाइन दोहरीकरण कार्य, दंतेवाड़ा तक ही सीमित रहेंगी पैसेंजर ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व तट के वाल्टेयर मंडल अंतर्गत केके लाइन में कमलूर से बचेलीखंड के बीच चल रही दोहरीकरण परियोजना के तहत सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य किए जा रहे हैं। यात्री सुरक्षा और संरचना सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता देते हुए रेलवे प्रशासन ने अस्थायी रूप से कुछ कोचिंग ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है।

- कमलूर–बचेली खंड में सुरक्षा आधुनिकीकरण अस्थायी बदलाव प्रभावी

इन कार्यों के चलते विशाखापत्तनम–किरंदुल पैसेंजर सेवा निर्धारित अवधि में दंतेवाड़ा स्टेशन तक ही संचालित होगी। वापसी दिशा में भी ट्रेन किरंदुल के स्थान पर दंतेवाड़ा से ही प्रारंभ की जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व अद्यतन समय-सारिणी की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।




गाड़ी संख्या 58501 विशाखापत्तनम–किरंदुल पैसेंजर 4 मार्च 2026 से 18 मार्च 2026 तक विशाखापत्तनम से प्रस्थान कर दंतेवाड़ा स्टेशन पर आंशिक रूप से समाप्त होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 58502, 5 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 तक किरंदुल के स्थान पर दंतेवाड़ा से विशाखापत्तनम के लिए संचालित की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि यह परिवर्तन केवल निर्माण एवं सुरक्षा उन्नयन कार्यों की अवधि तक प्रभावी रहेगा। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है तथा सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### कब-कब और कैसे रहेगा संचालन प्रभावित

वाल्टेयर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पवन कुमार ने जानकारी देते बताया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत कमलूर–बचेली खंड में ट्रैक उन्नयन, सिग्नल प्रणाली सुदृढ़ीकरण तथा सुरक्षा मानकों के आधुनिकीकरण का कार्य जारी है। प्रथम चरण में 4 मार्च से 18 मार्च तक गाड़ी संख्या 58501 विशाखापत्तनम से चलकर दंतेवाड़ा पर समाप्त होगी। द्वितीय चरण में 5 मार्च से 19 मार्च तक गाड़ी संख्या 58502 दंतेवाड़ा से विशाखापत्तनम के लिए प्रारंभ की जाएगी। कार्य पूर्ण होते ही सेवाएं पुनः सामान्य रूप से किरंदुल तक बहाल कर दी जाएंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे प्रस्थान से पूर्व आरक्षण स्थिति और समय-सारिणी की पुष्टि कर लें,ताकि यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो।


कैलाश चौहान
प्रांताध्यक्ष, छग. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ
शैलेन्द्र बाफना
बाफना लाईफ स्टाईल जगदलपुर
जितेन्द्र पालसिंह अहलूवालिया
निदेशक- वाहेगुरु होण्डा वाहेगुरु स्मार्टीक साल्यूशन
आर.पी. पाल
लाईफ मेम्बर ऑफ चेयरमैन क्लब एलआई ऑफ इंडिया जगदलपुर
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
सुकुमार धर
अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ, अध्यक्ष क्लब सदस्य
संग्राम राणा
एमआईसी सदस्य नगर निगम जगदलपुर
होली का हर रंग, आपको सकारात्मक, प्रेम और ऊर्जा से भर दे...
आप सभी का घर खुशी, शांति और सौभाग्य से सजा रहे यही कामना...
आप सभी को
रंगोत्सव पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज कश्यप
जनपद सदस्य जपं बस्तर
अश्फ़ाक अहमद
संचालक मनके फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स
पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है
आइए
होली के इस पावन अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लें.
आप सभी को
होली पर्व
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
मोहर झा
सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी
अनिल लुंकड़
सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी
योगेन्द्र पाण्डे
पार्षद सुंदरलाल शर्मा वार्ड
गौतम पानीग्राही
पार्षद विजय वार्ड क्रं.-02
इंद्रजीत झा
संचालक ललन किराना स्टोर्स

## खबर संक्षेप

### प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक होगा मकान सूचीकरण



**जगदलपुर।** भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बस्तर जिले में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु जमीनी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में जनगणना को राष्ट्र की भावी विकास योजनाओं की आधारशिला बताते हुए इसे एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील राष्ट्रीय दायित्व करार दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में डेटा संकलन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने डिजिटल प्रणाली के महत्व पर जोर देते हुए प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकी बारीकियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण आंकड़े जुटाने की बात कही।

### ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं को प्राथमिकता से पहुंचाएं



**बीजापुर।** जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी वीएलई को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें। इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नियमित रूप से बैंकिंग सेवाएं संचालित करते हुए अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित करें। बैठक का उद्देश्य सीएससी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। राज्य कार्यालय से उपस्थित प्रशिक्षक प्रदीप कुमार, मैनेजर बीमा सेवा कहा कि वीएलई के पास वैध सीएससी आईडी है, वे ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के आवेदन के समय भुगतान अनिवार्य रूप से सीएससी वॉलेट के माध्यम से ही करें। साथ ही दूरस्थ ग्राम पंचायतों में कार्यरत वीएलई को अपने-अपने पंचायत स्तर पर ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीणों को प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय न जाना पड़े। बैठक में नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

**पर्व : चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद, असामाजिक तत्वों पर रहेगी सख्त नजर**

# होलिका दहन के बाद अब रंगोत्सव की बारी, चंद्र ग्रहण के चलते बदली तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

फाल्गुन पूर्णिमा की पावन रात्रि में 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन हुआ, वहीं 3 मार्च मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण इस वर्ष धुलेड़ी यानी रंग खेलने का पर्व 4 मार्च बुधवार को मनाया जाएगा। रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का यह त्योहार शहर और ग्रामीण अंचलों में उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

- हुरियारों की टोलियां सजेंगी फाग गीतों से गूंजेगा आज शहर
- बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता होली का पर्व
- गुझिया की खुशबू और गुलाल की बौछार से महकेगा कांकेर

होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आस्था और अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भक्त प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप स्वयं को भगवान मानते थे और विष्णु भक्ति का विरोध करते थे। जब प्रहलाद ने भक्ति नहीं छोड़ी तो उन्हें मारने का प्रयास किया गया। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था। वह प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठी, किंतु भगवान विष्णु की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका भस्म हो गई। यह कथा संदेश देती है कि अंततः बुराई पर अच्छाई की ही जीत होती है। पूर्णिमा की रात होलिका दहन के बाद अगले दिन लोग गुलाल, अबीर और रंगों से होली खेलते हैं। प्रातःकाल से ही रिश्तेदारों और मित्रों के घर जाकर रंग-गुलाल लगाकर गले मिलने की परंपरा है। घरों में महिलाओं द्वारा गुझिया और मिठाइयां बनाकर बांटने का सिलसिला भी जारी है। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह हुरियारों की टोलियां फाग गीतों के साथ रंगों की बौछार करेंगी। ब्रज, मथुरा, वृंदावन, बरसाना और काशी की होली देशभर में प्रसिद्ध है, वहीं कांकेर में भी धुलेड़ी का रंग अब पंचमी तक दिखाई देने लगा है।

### गांव वालों के साथ मनाते हैं होली



विधायक आशाराम नेताम ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वे हर वर्ष अपनी होली गांववासियों के साथ ही मनाते हैं, जहां सभी लोग एकजुट होकर उत्साह और उल्लास के साथ त्योहार का आनंद लेते हैं। गांव की सामूहिक होली में शामिल होकर उन्हें आत्मीयता और अपनत्व का विशेष अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि भाईचारे, शांति और सद्भाव का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने सभी से प्रेम और सौहार्द के रंग में रंगकर सुरक्षित व हर्षोल्लास के साथ होली मनाने की अपील की।

### हर्बल होली का लें आनंद



नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने नगरवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। उन्होंने अपील की कि होली शालीनता और सौहार्द के साथ मनाएं, ताकि पर्व की गरिमा बनी रहे। उन्होंने विशेष रूप से पानी की बर्बादी से बचने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हर्बल रंगों से सुरक्षित और स्वच्छ होली खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उनकी होली कांकेर नगरवासियों के साथ ही हर्षोल्लास से मनाई जाएगी।

### सद्भावना से मनाएं होली



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भाईचारे एवं सद्भावना के पर्व होली की जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कांकेर की जनता से अपील की कि जिले की परंपरा के अनुरूप रंगों का यह पावन पर्व सद्भावना और शांतिपूर्ण ढंग से धूमधाम के साथ मनाया जाए। साथ ही उन्होंने हर्बल रंगों का उपयोग करने, अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी न करने तथा इस अवसर पर किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने की अपील की।

### पुलिस का रहेगा सख्त पहरा

धुलेड़ी को लेकर कांकेर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और तिराहों पर जवानों की तैनाती की गई है। सिंगारभाट से गोविंदपुर, भंडारीपारा से पंडरीपानी और बरदेभाट तक पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार निगरानी रखेंगी। मस्जिद चौक, कोठारी पेट्रोल पंप, पुराना नाका, नया बस स्टैंड, संतोषी मंदिर चौक, दुधावा चौक, शीतला मंदिर चौक सहित अन्य निर्धारित प्वाइंटों पर सुबह से ही पुलिस बल मुस्तैद रहेगा।

### शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं होली



*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने होली पर्व की जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार रंग-बिरंगे उत्साह और उमंग का प्रतीक है, जिसका सभी को आनंद लेना चाहिए। यह पर्व शांति और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि इस त्यौहार को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी अप्रिय घटना से बचने का प्रयास करें। उन्होंने कांकेर की जनता से अपेक्षा की कि सभी लोग कानून-व्यवस्था का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि होली का पर्व हर्षोल्लास और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।*

### होली आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक



*जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने होली पर्व पर कहा कि होली रंगों, उमंग और सामाजिक समरसता का पावन पर्व है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होने कहा कि मिलजुलकर मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में इस पर्व की सार्थकता को दर्शाती है।*

## पैसा निकालने जिला सहकारी बैंक में उमड़ी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा कांकेर में किसानों की भारी भीड़ दो दिनों से उमड़ रही है। किसान अपनी फसलों के अंतर की राशि बोनस निकालने के लिए सुबह से ही बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन की लचर व्यवस्था के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान बैंक के बाहर जमीन में बैठने और एटीम में धूप में लाइन लगाने को मजबूर है।

- ज्यादा लोगों के आने से अव्यवस्था का है आलम
- दो दिन से पहुंच रहे लोग, सभी को नहीं मिल पा रहा पैसा

जिला मुख्यालय स्थित मुख्य शाखा सहित अन्य केंद्रों पर स्थिति यह है कि पैर रखने तक की जगह नहीं है। बैंक में उमड़ती भीड़ के अनुपात में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। किसान अपनी बारी का इंतजार करते हुए जमीन में बैठने को मजबूर है। धूप और गर्मी के बावजूद किसानों के लिए पेयजल और छाया






का उचित प्रबंध नहीं किया गया है। घंटों लाइन में खड़े रहने के कारण बुजुर्ग और महिला किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक के भीतर काउंटर कम होने के कारण नकदी निकासी की प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। दूर-दराज के गांवों से आए किसान रामलाल साहू और धनीराम निषाद ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन दोपहर होने तक उनका नंबर नहीं आया है। बैंक प्रबंधन को बोनस देने की जानकारी होने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान नहीं दिया गया है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं, उठाईगीरी का डर

बैंक परिसर में किसानों की इतनी बड़ी भीड़ होने के बावजूद सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई है। किसानों के पास बड़ी मात्रा में नकदी होती है, जिससे इलाके में उठाईगीरी और चोरी की घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। बैंक के बाहर संदिग्ध लोगों का जमावड़ा देखा जा सकता है, जिससे किसान डरे हुए हैं। किसानों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, बैंक में न तो टोकन सिस्टम है और न ही पुलिस गार्ड। भीड़ में कोई भी पैसा छीनकर भाग सकता है।

## पूर्व सैनिकों के साथ युवाओं ने मनाई रंगों की होली, प्रेम और एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव 3 मार्च 2026 को होली से एक दिन पूर्व रंगोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने मिलकर होली का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान वितरण किया। होली के गीतों पर सभी ने जमकर नृत्य किया और आपसी भाईचारे का परिचय दिया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक सद्भाव, क्षमा और नई शुरुआत का संदेश देता है। जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सौहार्द्र का संदेश देने वाला पर्व है। सनातन संस्कृति का प्रत्येक त्योहार समाज को सकारात्मक दिशा देता है। होली जात–पात, ऊँच–नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को एक सूत्र में बांधने का अवसर प्रदान करती है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य रतिराम सोरी, श्रीकांत तिवारी, ढालेश साहू, राकेश धीवर, सेवारत सैनिक टंकेश्वर सेन एवं निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## धुरली में डिजिटल क्रांति की दस्तक,100 से अधिक ग्रामीणों ने सीखी सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दंतेवाड़ा जिले के सुदूर वनांचल ग्राम धुरली में राज्य शासन की 'नियद नेल्लानार' पहल के अंतर्गत डिजिटल वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं तथा कक्षा 8वीं से ऊपर के विद्यार्थियों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी कर प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं और पिछड़े जनजातीय वर्ग को मोबाइल बैंकिंग,डिजिटल भुगतान प्रणाली और सुरक्षित यूपीआई उपयोग के प्रति जागरूक बनाना था। सत्र के दौरान डिजिटल लेन-देन की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया,जिससे प्रतिभागी स्वयं मोबाइल के माध्यम से सुरक्षित भुगतान करना सीख सके। साइबर सुरक्षा, ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयता,ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा डिजिटल भुगतान के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने वाली महिलाओं को 'डिजिटल दीदी' के रूप में सम्मानित किया गया, ताकि वे अपने समुदाय में जागरूकता का विस्तार कर सकें। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस पहल को सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पहले चरण में ग्रामीणों का पंजीयन कर डिजिटल वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता पर संवाद हुआ,दूसरे चरण में मोबाइल बैंकिंग,यूपीआई और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया,तीसरे चरण में साइबर सुरक्षा, ओटीपी गोपनीयता और धोखाधड़ी से बचाव के उपाय समझाए गए।

## कलेक्टर ने दिया दिव्यांग छात्र आशीष को स्मार्टफोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दृष्टिबाधित बच्चों को स्मार्ट फोन वितरण योजना में तकनीकी समस्या से वंचित छात्र को आखिरकार राहत मिल गई। कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद छात्र को त्वरित रूप से स्मार्ट फोन प्रदान किया गया।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के 8 दृष्टिबाधित बच्चों का चयन कर 27 फरवरी को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में एक कदम फाउंडेशन मुंबई द्वारा प्रशिक्षण उपरांत स्मार्ट फोन वितरित किए गए थे। इसी क्रम में विकासखंड कोंडागांव के छात्र आशीष कोर्राम, पिता कमलू राम कोर्राम को भी स्मार्ट फोन दिया गया था। तकनीकी समस्या के कारण उसे वापस ले लिया गया।

**जनदर्शन में पहुंचा मामला** – ग्राम लखापुरी निवासी कमलू राम ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर समस्या से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक को तत्काल निर्देश दिए।



कलेक्टर के निर्देश पर महज एक घंटे के भीतर छात्र आशीष कोर्राम को कलेक्टर के हाथों स्मार्ट फोन सौंप दिया गया। त्वरित कार्रवाई से परिजन एवं ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए दोषी बीआरपी एवं एक कदम फाउंडेशन के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए डीएमसी को निर्देश दिए।

## मोर मितान पुलिस अभियान तेज जिलेभर में बीट व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में मोर मितान पुलिस कांकेर द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता और कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत उजियारा अभियान के माध्यम से नशे पर लगाम लगाने और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना क्षेत्र दुर्गुकोंदल में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव के मार्गदर्शन में पांच वर्गों में बीट व्यवस्था लागू की गई है। थाना अंतर्गत खुटगांव, भंडारी,डिग्गी, डांगरा और घोटिया गांवों में बीट प्रभारी नियुक्त कर नियमित जनसंपर्क और जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। दुर्गुकोंदल बीट की जिम्मेदारी प्रधान आरक्षक गजेंद्र गेडरे को सौंपी गई है। खुटगांव में रवि शंकर प्रधान, भंडारी-डिग्गी में आरक्षक अवध नाग, डांगरा में आरक्षक मनोज टेकाम तथा घोटिया में द्वारका प्रसाद दुग्गा को बीट प्रभारी बनाया गया है। बीट व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों की रोकथाम करना, स्थानीय सूचनाएं एकत्रित करना तथा पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है। बीट आरक्षक नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और समस्याओं को सुन रहे हैं, ताकि छोटी-छोटी शिकायतों का समय पर समाधान हो सके और बड़ी घटनाओं को रोका जा सके।

## नाटकों, दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान से ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

संविधान निर्माण सभा के सदस्य रहे रामप्रसाद पोटाई के ग्राम कन्हारपुरी में शासकीय इंदु केवट कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित संविधान निर्माण सभा के सदस्य इस अंचल के ग्राम कन्हारपुरी निवासी रामप्रसाद पोटाई भी थे, जो बाद में विधायक और सांसद के पद पर भी सुशोभित हुए।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का यह शिविर ग्राम सरपंच संदीप कुमार धुवारा, पूर्व जनपद पंचायत कार्यपालन अधिकारी हेमलाल शोरी सहित ग्राम के अन्य पंचों और वरिष्ठ नागरिकों की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। नशा मुक्त समाज थीम पर आयोजित इस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न नाटकों, दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान और




ग्राम संपर्क के माध्यम से ग्रामीणों में जागरुकता लाने का प्रयास किया, जिसमें मुख्य दलनायिका ज्योति सलाम के साथ तमन्ना कोराम, निहारिका कुलदीप, भावना खड़गे, अमीषा नाग, मनीषा भास्कर और दामिनी कोमरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व विद्यार्थियों राखी, नीति और वंदना कुलदीप का भी शिविर की सफलता में योगदान रहा। भावना खड़गे और अमीषा नाग को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में पुरस्कृत किया गया। शिविर की दिनचर्या समयानुसार निर्धारित थी। प्रातः प्रभातफेरी में साक्षरता, नशामुक्ति, समाजसेवा और देशप्रेम के नारों का उद्घोष किया जाता था। इसके पश्चात योगाभ्यास कराया जाता और फिर स्वयंसेविकाएं परियोजना कार्यों में जुट जातीं। ग्राम के विभिन्न हिस्सों में साफ-सफाई जैसे श्रमदान कार्य किए गए। दोपहर 2 बजे से बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन होता, जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से ग्राम विकास संबंधी जानकारी दी जाती। प्रथम दिवस पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, उप निरीक्षक गिरिजा शंकर साव उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र से आए कृषि वैज्ञानिक उपेन्द्र नाग एवं कोमल सिंह ने खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। पतंजलि योग संस्थान के कांकेर जिला अध्यक्ष उपेश्वर ठाकुर ने औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए बताया कि आसपास की वनस्पतियों से भी कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

तृतीय दिवस कांकेर से आई अधिवक्ता उषा सिन्हा और भक्त प्रहलाद ने छात्राओं एवं ग्रामीणों को सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। पूर्व छात्रा उषा सिन्हा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय भी बताए। समापन अवसर पर सरपंच संदीप धुवारा ने कहा कि रामप्रसाद पोटाई को देश की संविधान निर्माण सभा का सदस्य होने का गौरव प्राप्त था। उन्होंने बताया कि उस समय मद्रास क्षेत्र में अकाल की स्थिति में ग्राम कन्हारपुरी से चावल भिजवाया गया था।

पेज 11 के शेष

### बिजली की आस में...

ठेकेदारों एवं क्षेत्र के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिया कि समय सीमा में विद्युतिकरण कार्य पूरा करें। ध्यान नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बारह भुजा देव मड़ई...

सामूहिक चेतना और परंपरा का जीवंत उत्सव है। प्रथम चरण में देवस्थल की पारंपरिक साफ-सफाई और सजावट की जाती है, तत्पश्चात देवी-देवताओं का आह्वान कर पूजा-अर्चना संपन्न होती है। इसके बाद सामूहिक नृत्य-गायन और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उत्सव का विस्तार होता है। मड़ई के माध्यम से सामाजिक समरसता,आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। सांसद महेश कश्यप तथा दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# रोजगार बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान,100 से 125 दिन तक मिलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत इच्छापुर में आयोजित 'वीबी जीराम जी जनचौपाल' कार्यक्रम जनभागीदारी और विकास संकल्प का सशक्त मंच बनकर उभरा। जनचौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप सम्मिलित हुए। ग्राम आगमन पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व उन्होंने स्थानीय मंदिर में बजरंगबली के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिन का अकुशल शारीरिक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। पहले यह सीमा 100 दिन थी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार ग्रामीणों की आय में सीधा इजाफा करेगा और स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर बढ़ाएगा।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल प्रणाली लागू की गई है। कार्यों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है तथा मजदूरी का साप्ताहिक भुगतान सुनिश्चित किया गया है। जनचौपाल में ग्रामीणों ने व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं भी रखीं, जिनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## इच्छापुर में गूंजा विकास का संकल्प, जीराम जी जनचौपाल में उमड़ी भीड़



### जनचौपाल में लिए गए निर्णय

जनचौपाल के दौरान ग्रामीण रोजगार को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने की जानकारी दी गई, ग्राम पंचायतों को योजना संचालन की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई,पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई, साप्ताहिक मजदूरी भुगतान की व्यवस्था लागू करने की घोषणा की गई, तथा प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक पंजीयन

**जगदलपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जारी सेना भर्ती अधिसूचना 13 फरवरी को जारी किया गया है जिसके अंतर्गत भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीक, लिपिक स्टोरकीपर, ट्रेडमैन 10 वीं पास, ट्रेडमैन 8 वीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी किया गया है। जिसमें सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से आरंभ हो चुकी है। पंजीयन हेतु पोर्टल 1 अप्रैल तक खुली रहेंगी।

### मंदिर के बंद रहे कपाट



**जगदलपुर।** कुम्हारपारा के अंजनेश्वर देवालय में आज मंदिर के कपाट नहीं खुले। बताया गया कि चंद्रग्रहण के चलते मंदिर में पूजा अर्चना नहीं हुई।

### निधन

#### ईश्वरी देवी दंडवानी



**जगदलपुर।** नगर के व्यवसायी तथा बस्तर चेंबर आफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार दंडवानी की माता ईश्वरी देवी दंडवानी (92) का आज निधन हो गया। अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे निवास स्थान बालाजी वार्ड से निकली। जिसमें सिंधी समाज के लोगों समेत शहरवासी शामिल हुए। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति को लाभांवित करने पर बल

# हर ब्लाक में प्रत्येक योजनाओं में पांच-पांच बेस्ट मॉडल कार्य करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन कर हर ब्लाक

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की व्यापक समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

में प्रत्येक योजनाओं में पांच-पांच बेस्ट मॉडल कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति, मनरेगा अंतर्गत जल संरक्षण कार्य, स्वीकृत कार्यों की स्थिति, मानव दिवस सृजन, श्रमिकों के ई-केवाईसी, आजीविका डबरी की समीक्षा करते हुए आजीविका डबरी के हितग्रहियों को मछलीपालन, बत्तखपालन, सब्जी उत्पादन और केले एवं पपीते की खेती जैसे आयमूलक गतिविधियों से जोड़ने कहा। उन्होंने पीएम श्रम मानधन योजनांतर्गत मनरेगा श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं मनरेगा से अभिसरण कर स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन एवं उचित मूल्य दुकान निर्माण की भौतिक प्रगति की समीक्षा की और कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सामाजिक समावेशन एवं संस्थागत निर्माण, सीएलएफ ट्रांजेक्शन की स्थिति, वित्तीय समावेशन, बैंक क्रेडिट लिंकेज, इंटरप्राइज फाइनेंसिंग, बैंक सखी की प्रगति, स्व सहायता समूहों की गतिविधियों तथा लखपति दीदी पहल की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्व सहायता समूहों को विभिन्न स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आय वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं लखपति दीदियों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन इत्यादि आनुशांगिक विभागों की योजनाओं से भी लाभान्वित कर उनकी आय संवृद्धि किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण, सेग्रीगेशन शेड निर्माण तथा ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की प्रगति एवं सत्यापन की जानकारी ली गई। ग्राम पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, जिला पंचायत विकास निधि तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत कार्यों की प्रगति स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के क्षमता विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संपादित कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान से स्वीकृत विकास कार्य, विशेष केंद्रीय सहायता एवं सीएसआर मद के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने जिला निर्माण समिति, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभांवित करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आर्ट्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों ने बनाए विज्ञान के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में रचनात्मकता और वैज्ञानिक चेतना का सजीव उत्सव देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए साइंस व टेक्नालॉजी से जुड़े विषयों पर अपने विचारों को कार्यशील मॉडल, आकर्षक पोस्टर और रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया।

- पोस्टर और रंगोली में झलकी वैज्ञानिक प्रतिभा

विद्यार्थियों ने विज्ञान विषयों पर 19 पोस्टर तैयार किए, जबकि साठ विद्यार्थियों ने तेरह समूहों में सूचनात्मक और थीम आधारित रंगोलियां बनाईं। विज्ञान और तकनीक के प्रयोगों पर आधारित दो कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए गए,जिन्होंने उपस्थित जनों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों को इको साइंस, डिजिटल इंडिया व एआई, वुमन इन स्पेस, रोल ऑफ साइंस एंड टेक्नालॉजी इन एजुकेशन तथा वुमन इन बायोसाइंस एंड हेल्थकेयर जैसे समसामयिक विषय प्रदान किए गए थे। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर वैज्ञानिक सोच के साथ-साथ आम जनजीवन की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। तीनों स्पर्धाओं में प्रो स्वपन कुमार कोले,प्रो मणिशंकर मिश्रा,डॉ विनोद कुमार सोनी,डॉ सजीवन कुमार,डॉ सुकृता तिर्की,डॉ समीर ठाकुर,डॉ देवेंद्र कुमार मरावी व डॉ नीरज कुमार वर्मा ने निर्णायक के रूप में प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया। आयोजन के समन्वयक डॉ अभिषेक अवस्थी ने बताया कि विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से नवाचार आधारित गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

## जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ

# प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक होगा मकान सूचीकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बस्तर जिले में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु जमीनी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में जनगणना को राष्ट्र की भावी विकास योजनाओं की आधारशिला बताते हुए इसे एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील राष्ट्रीय दायित्व करार दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में डेटा संकलन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने डिजिटल प्रणाली के महत्व पर जोर देते हुए प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकी बारीकियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण आंकड़े जुटाने की बात कही।

प्रशिक्षक संतोष मेंढे और नसीब अहमद खान द्वारा प्रशिक्षण सत्र के दौरान जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी, जिसके प्रथम चरण के तहत आगामी 1 मई से 30 मई तक पूरे जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सघन रूप से चलाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रगणक अपने आवंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे, जो सुपरवाइजरों के प्रत्यक्ष निर्देशन में कार्य करेंगे। आधुनिकता और तकनीक के समावेश के साथ इस बार की जनगणना में मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन, जीपीएस तकनीक द्वारा गणना ब्लॉक का सटीक सीमांकन और सीएमएमएस पोर्टल के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी उन्नत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

प्रशासनिक स्तर पर इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 27 और 28 फरवरी को मुख्य प्रशिक्षण के पश्चात आगामी 17 मार्च को एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का भी आयोजन प्रस्तावित है। इस जिला स्तरीय आयोजन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदार और नगरीय निकायों के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रेडिएशन भत्ता रेडिएशन अवकाश जैसे विषय पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ से समूचे बस्तर संभाग के एकत्रित रेडियोग्राफरों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों एवं मुद्दों को लेकर गंभीर चर्चा हुई। इस बीच वहां अपनी उपस्थिति देते हुए कर्मठ और जुझारू नेता प्रांत अध्यक्ष संतोष देवांगन द्वारा रेडियोग्राफरो से मुलाकात कर उनसे अहम एवं मौजूदा विषयों पर चर्चा की गई ।इस दौरान प्रांत अध्यक्ष देवांगन ने मीटिंग का जायजा लिया और रेडियोग्राफरो की माँग जैसे रेडिएशन भत्ता रेडिएशन अवकाश, पदों की संख्या में वृद्धि , पदनाम परिवर्तन जैसे अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष अशोक नाग , रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गीतांजलि , संभागीय प्रवक्ता पदमा खान, भारत सिन्हा ,संतोष पटेल सहित पुरुषोत्तम राय, अजय मंडल,चंद्रशेखर, धनेश्वर नेताम, टी आर गोयल , पुष्पा नाग, सुशीला बघेल अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



### चिरायु दल ने लौटाई मासूम रंजना की मुस्कान

**जगदलपुर।** बकावण्ड ब्लॉक के ग्राम जामगुड़ा (धनपुर) में रहने वाले महेश भारती के घर जब बेटी रंजना का जन्म हुआ, तो खुशियों के साथ-साथ एक गहरी चिंता ने भी दस्तक दी। मासूम रंजना जन्मजात श्कलेफ्ट लिपश (कटे होंठ) की समस्या से ग्रसित थी। जैसे-जैसे रंजना बड़ी हो रही थी, माता-पिता के मन में अपनी बेटी के भविष्य, उसकी पढ़ाई और समाज में उसे मिलने वाली स्वीकार्यता को लेकर डर गहराता जा रहा था। सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक तंगी थी। एक साधारण परिवार के लिए निजी अस्पतालों में ऑपरेशन का भारी-भरकम खर्च उठा पाना असंभव सा था, जिससे माता-पिता स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे। उनकी इस मायूसी के बीच उम्मीद की पहली किरण 19 जून 2025 को तब जगी, जब चिरायु दल बकावण्ड की टीम आँगनबाड़ी केंद्र पहुँची। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने रंजना की स्थिति को पहचाना और माता-पिता को ढांढस बंधाते हुए उसे जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र रेफर किया। इसके बाद की राह जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आसान होती गई। 6 नवंबर 2025 को बच्ची को रायपुर के मेडिसाईन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने रंजना का सफल ऑपरेशन किया।

# छोटे-छोटे माइलस्टोन से तय होती है सफलता की राह : नूपुर गोहरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'फ्रॉम डिग्री टू डायरेक्शन स्किल, इंटरप्रेन्योरशिप एंड सेल्फ लीडरशिप' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। विवि आईआईसी के क्वार्टर टू एक्टिविटी एवं पीएम उषा कम्पोनेंट के अंतर्गत एमबीए अध्ययनशाला में

- डिग्री से डायरेक्शन तक,स्किल और सेल्फ लीडरशिप पर जोर

हुए कार्यक्रम में नीति आयोग की कंसल्टेंट सुश्री नूपुर गोहरी ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण के व्यावहारिक सूत्र बताए।

सुश्री नूपुर गोहरी ने कहा कि देश में स्टार्टअप की नई लहर है और डेटा एनालिस्ट, बैंकिंग,टीचिंग, फूड प्रोडक्शन,ब्रांडिंग, पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में नवाचार के अवसर बढ़े हैं। डेटा इज गोल्ड" की अवधारणा पर काम करते युवा नई संभावनाएं गढ़



रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अखबार पढ़ने, समसामयिक घटनाओं से अपडेट रहने और सोशल मीडिया के अतिरेक से बचने की सलाह दी।

उन्होंने संपूर्णता अभियान 2.0, आकांक्षी जिला व ब्लॉक, ईएसजी, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, गिग इकोनॉमी,प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और छत्तीसगढ़ अंजोर जैसे विषयों पर जानकारी दी। उनका स्पष्ट संदेश था कि केवल डिग्री पर्याप्त नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य, व्यवहारिक दक्षता और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की असली दिशा तय करते हैं।

स्टार्टअप और नवाचार के अवसरों की पहचान,डेटा इज गोल्ड की अवधारणा को समझना, नियमित अखबार पढ़कर समसामयिक ज्ञान बढ़ाना,सोशल मीडिया के अतिरेक से दूरी, नए क्षेत्रों जैसे गिग इकोनॉमी व प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की जानकारी, बस्तर की स्थानीय समस्याओं पर चिंतन तथा छोटे-छोटे माइलस्टोन निर्धारित कर चरणबद्ध तरीके से करियर को आगे बढ़ाने की रणनीति के बारे में जानकारी दी।

# ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं को प्राथमिकता से पहुंचाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने

- डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने प्रशिक्षण

सभी वीएलई को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें। इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नियमित रूप से बैंकिंग सेवाएं संचालित करते हुए अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

बैठक का उद्देश्य सीएससी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। राज्य कार्यालय से उपस्थित प्रशिक्षक प्रदीप कुमार, मैनेजर बीमा सेवा कहा कि वीएलई के पास वैध सीएससी आईडी है, वे ई-डिसट्रिक्ट सेवाओं के आवेदन के समय भुगतान अनिवार्य रूप से सीएससी वॉलेट के माध्यम से ही करें। साथ ही दूरस्थ ग्राम पंचायतों में कार्यरत वीएलई को अपने-अपने पंचायत स्तर पर ई-डिसट्रिक्ट सेवाएं प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीणों को प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय न जाना पड़े।

बैठक में नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त एग्री-स्टैक परियोजना के तहत शेष किसानों के पंजीयन, खसरा जोड़ने की प्रक्रिया तथा क्लस्टर आधारित कैंप हेतु वीएलई का रोस्टर तैयार किया गया।

# धुरली में डिजिटल क्रांति की दस्तक,100 से अधिक ग्रामीणों ने सीखी सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दंतेवाड़ा जिले के सुदूर वनांचल ग्राम धुरली में राज्य शासन की 'नियद नेल्लानार' पहल के अंतर्गत डिजिटल वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं तथा कक्षा 8वीं से ऊपर के विद्यार्थियों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी कर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं और पिछड़े जनजातीय वर्ग को मोबाइल बैंकिंग,डिजिटल भुगतान प्रणाली और सुरक्षित यूपीआई उपयोग के प्रति जागरूक बनाना था। सत्र के दौरान डिजिटल लेन-देन की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया,जिससे प्रतिभागी स्वयं मोबाइल के माध्यम से सुरक्षित भुगतान करना सीख सके। साइबर सुरक्षा, ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयता,ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा डिजिटल भुगतान के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने वाली महिलाओं को 'डिजिटल दीदी' के रूप में सम्मानित किया गया, ताकि वे अपने समुदाय में जागरूकता का विस्तार कर सकें।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समस्त बस्तरवासियों को

# होली की हार्दिक शुभकामनाएं

रंगों के इस त्योहार पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं।
आपका दिन आपके वस्त्रों में बसे रंगों की तरह जीवंत हो!
होली आपके जीवन में नई शुरूआत, नए अवसर और खूबसूरत पल लेकर आए।
आइए, बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का जश्न पूरे मन से और रंग-बिरंगे हाथों से मनाएं।




**श्याम सोमानी**
अध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**विमल बोथरा**
उपाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**कमल सेठी**
उपाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**नवरतन जलोटा**
महामंत्री, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**श्रीधर राव मद्दी**
कोषाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**गजेन्द्र चांडक**
मंत्री, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**नवीन भावसार**
रोटरी डिस्ट्रीक गवर्नर



**राजीव कपूर**
निदेशक- बीआर बालाजी एलएलपी



**समीर बल**
निदेशक- सुप्रा सेलटेक प्रा. लिमिटेड



**पंकज सिंघल**
अध्यक्ष, संजय मार्केट व्यापारी कल्याण संघ



**बालहरी अग्रवाल**
संचालक- अग्रज सेल्स



**चंद्रेश छाजेड़**
संचालक- वर्षा, प्रतापगंजपारा



**जितेश संघाणी**
संचालक- जे.महेन्द्रकांत ज्वेलर्स



**महावीर लुंकड़**
संचालक- श्री लुंकड़ ज्वेलर्स

## खबर संक्षेप

### जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने करें समन्वित प्रयास

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रमों की व्यवस्था, शिष्यवृत्ति सुविधाओं एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रगतिरत आश्रम-छात्रावास के कार्य में विलंब होने पर नियमानुसार पेनाल्टी के तहत निविदाकार की राशि काट कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने प्रयास विद्यालय के बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों के अंतर्गत भोजन सहाय योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, विशेष कोचिंग योजना, "स्वस्थ तन-स्वस्थ मन" योजना, मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना तथा युवा कैरियर योजना अंतर्गत संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क नर्सिंग प्रशिक्षण योजना, आदिवासी सांस्कृतिक दलों की सहायता, जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं विकास योजना तथा देवगुड़ी निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की। बैठक में नक्सल पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, पुनर्वास योजना, सद्भावना शिविरों के आयोजन तथा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

### उपस्वास्थ्य केंद्र को मिले चिकित्सा उपकरण व फर्नीचर



**भानुप्रतापपुर।** मेटाबोदेली-चारगांव माइंस क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र, चारगांव को मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज़ द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं फर्नीचर प्रदान किए गए। कंपनी ने केंद्र को 4 ऑफिस कुर्सी, 2 ऑफिस टेबल, 2 डॉक्टर चेयर, 1 स्ट्रेचर तथा 1 बीपी मशीन उपलब्ध कराई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, चिकित्सा स्टाफ, ग्राम गायता, पटेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए सराहनीय पहल बताया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**कांकेर।** नरहरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम श्रीगुहान के आवासपारा निवासी 30 वर्षीय कोमल वट्टी ने अपने घर के कमरे में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 1 फरवरी को लगभग 4 बजे तथा 2 मार्च को 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। परिजनों ने जब युवक को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता वीरसिंह वट्टी ने घटना की पुष्टि की है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

## रात में होलिका दहन के बाद एक दूसरे को लगाए रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सोमवार की रात होलिका दहन शहर के सार्वजनिक स्थलों के साथ साथ घरों के बाड़ों में भी मनाया गया। जलाउ के साथ गोबर के कंडे जलाए गए। पुरूषों के साथ महिलाएं, युवतियां, बच्चों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया। उसके बाद परिक्रमा करने के पश्चात एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। बताया गया कि यह पहला अवसर है जब होलिका दहन के अगले दिन रंगों का पर्व होली नहीं मनाया गया। ऐसा चंद्रग्रहण के कारण हुआ है। इसलिए अब बुधवार को रंगो की होली खेली जाएगी। अवकाश भी 4 मार्च को है आज बैंक समेत सारे प्रतिष्ठान और दुकानें खुली रही।

## होली में नगाड़ों की पूछताछ हुई कम, बिक्री हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आधुनिकता के चकाचौंध में नगाड़े की शोर गुम हो गई है। शहर के संजय बाजार चौक हनुमान मंदिर सामने में नगाड़ा बिका रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि 3500 रूपए से लेकर 1200 रूपए तक के नगाड़े बिक रहे हैं। अभी गिने-चुने ग्राहक ही नगाड़ा लेकर गए हैं, विक्रेताओं का कहना है कि पहले होली दहन से एक-दो दिन पहले तक ही नगाड़े की बिक्री में तेजी रहती थी। बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम बारदा निवासी सम्पत कश्यप ने बताया कि वे लगभग 35 साल से होली के चलते नगाड़े बेच रहे हैं। लगभग 6 वर्ष पूर्व तक हर बार होली में लाए गए नगाड़े बिक जाते थे, पर दो दिन से 5 नगाड़े ही बिका, शेष लाए गए नगाड़ों वापस घर ले जाएंगे। सम्पत ने बताया कि बरदा गांव में लगभग 35 परिवार नगाड़े बनाते हैं, बनाने से छोटे नगाड़े में 500 एवं बड़े नगाड़े 1500 रूपए खर्च होते हैं। छह वर्ष पूर्व तक नगाड़ों की बिक्री से ही परिवार पालते थे, पर अब नगाड़ों के साथ-साथ ही रस्सी आदि बनाकर परिवार पाल रहे हैं।



### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता वाली योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं के दस-दस हितग्राहियों को मॉडल के रूप में चयनित करने के लिए कहा, जिनको अन्य लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए उपयोग किया जा सके। सोमवार की दोपहर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने आगामी 22 मार्च को आयोजित की जा रही बस्तर हेरीटेज मैराथन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पंजीयन करवाने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद में कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष के चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।

कलेक्टर ने बैठक में ई-प्रगति पोर्टल की प्रविष्टियों, डेफ्ट खातों में लंबित राशि जमा कराने, पीएम श्री स्कूल के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राशन दुकानों में खाद्य सामग्री के पर्याप्त भंडारण एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण, लखपति पहल योजना की प्रगति, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं स्थापना कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि में एग्रिस्टैक की प्रगति एवं किसानों के ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल आपूर्ति के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कृषि विभाग, मत्स्य एवं पशुपालन विकास विभाग की गतिविधियों, विभिन्न निर्माण विभागों के प्रगतिरत कार्यों तथा कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने ज्ञानगुड़ी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के संकल्प के साथ कलेक्टर आकाश छिकारा ने रविवार को ज्ञानगुड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की गतिविधियों का जायजा लेते हुए कहा कि ज्ञानगुड़ी के स्वरूप को और अधिक संवारा जाएगा ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। वर्तमान में यहाँ नीट, जेईई, पीएटी और नर्सिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग सफलतापूर्वक दी जा रही है, लेकिन अब जिला प्रशासन इसका दायरा बढ़ाने की तैयारी में है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि भविष्य में यहाँ एसएससी सहित केंद्र और राज्य स्तरीय अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रारंभ करवाई जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को बड़े शहरों की ओर निर्भर न रहना पड़े।

- अब नीट और जेईई के साथ एसएससी की भी होगी तैयारी, समर्पित शिक्षकों का होगा सम्मान

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर छिकारा ने शिक्षकों के सेवा भाव और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उनके समर्पण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने अपील की कि वे अध्यापन के कार्य को और अधिक प्रभावी और बेहतर ढंग से संपन्न करें। उन्होंने एक अत्यंत प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि किसी भी शिक्षक के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि शासन से प्राप्त सम्मान नहीं, बल्कि उसके अपने विद्यार्थियों द्वारा उसे सबसे बेहतर शिक्षक के तौर पर माना जाना है।

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीकाकरण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों की रात्रि काल में उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को रात्रि में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

- जापानी इंसेफेलाइटिस रोकथाम में विशेष सतर्कता बरतें : कलेक्टर

कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एएनसी जांच एवं संस्थागत प्रसव सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिन स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की औसत 5 से कम होने की स्थिति में, वहां के संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोटिस जारी करने को कहा और खराब प्रदर्शन वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ की ड्यूटी जिला अस्पताल में रोस्टर के अनुसार लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल समस्या के समाधान पर जोर देते हुए प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने मातृ-शिशु मृत्यु दर की पृथक से विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्टील बर्थ के प्रत्येक प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। सर्वेक्षण सूची के आधार पर सभी बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने तथा जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में बीसीजी का शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने कहा गया।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी, हायपर टेंशन, मानसिक स्वास्थ्य और जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए एक्टिव सर्विलांस, डेंगू के पीक सीजन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा सूअर पालन वाले क्षेत्रों में जापानी इंसेफेलाइटिस रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा। टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार हेतु ई-संजीवनी के माध्यम से जिला अस्पताल स्तर पर प्रमुख सेवाएं शुरू करने तथा एआरवी रजिस्टर के सुव्यवस्थित संधारण पर बल दिया गया। अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में संस्था स्तर पर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त

## स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर करें दायित्व निर्वहन : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग जैसे आदिवासी बहुल अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, जहां अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर सतत निगरानी, समन्वय और संवेदनशील दृष्टिकोण

- संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने दिए निर्देश

अपनाने पर जोर देते हुए हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ही सशक्त समाज की नींव होती है। इसे मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करें। वहीं दूरस्थ इलाकों में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु सकारात्मक प्रयास किया जाए, इस दिशा में समन्वय कर विशेष शिविर भी आयोजित किया जाए। साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने पूर्व तैयारी अभी से शुरू कर गर्मी के दिनों में पेयजल की पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करें। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए।

कमिश्नर ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के तहत संवेदनशीलता के साथ दो आंख में मोतियाबिंद पीड़ितों को पहली प्राथमिकता देकर ऑपरेशन किए जाने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित एसओपी के अनुसार जिला अस्पताल में आपरेशन थियेटर एवं सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप आपरेशन किया जाए और जरूरत के अनुसार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जगदलपुर एवं कांकेर सहित महारानी अस्पताल के अंबक नेत्र चिकित्सालय में पीड़ितों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने दिव्यांजनों को उनकी जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किए जाने कहा। इन चिन्हित दिव्यांगजनों को दंतेवाड़ा और जगदलपुर स्थित कृत्रिम अंग यूनिट से कृत्रिम उपकरण सुलभ कराया जाए।

कमिश्नर ने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने इस दिशा में मैदानी अमले के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर सम्बन्धित वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालयों में सम्बन्धित ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

### अभियान चलाकर हैंडपंपों का मरम्मत करवाएं

कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्मकाल आरंभ होने के साथ ही पेयजल की दिक्कत के मद्देनजर जल प्रदाय योजनाओं, सोलर ड्यूल पम्पों एवं हैंडपंपों का समुचित संधारण सुनिश्चित किया जाए। सुधार योग्य जल प्रदाय योजनाओं तथा हैंडपंपों को अभियान चलाया जाकर अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। साथ ही चिन्हित समस्याग्रस्त इलाकों में ध्यान केंद्रीत कर नवीन नलकूप खनन कर हैंडपंप स्थापना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।




## करोड़ों के निर्माण कार्य में बाहरी मजदूरों से कराया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा ब्लॉक के नेगानार पंचायत में 27 दिसम्बर को 297.20 लाख रूपए की लागत से बनने वाले मंगनार तालाब का लाईनिंग समेत जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन स्थानीय विधायक व सांसद की मौजूदगी में किया गया था। लेकिन भूमिपूजन के बाद से ही ठेकेदार द्वारा यहां बाहरी मजदूरों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय सैकड़ों मजदूरों के जॉब कार्ड बनाए गए है लेकिन उन्हें काम नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार के इस रवैये से स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों में रोष है। इस काम को राजनांदगांव के ठेकेदार सिद्धार्थ जैन द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में किए जा रहे नाली निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को काम में नहीं लगाया गया है जो मजदूर काम कर रहें हैं वे मध्यप्रदेश के मंडला के हैं ।

- जॉब कार्ड होने के बाद भी स्थानीय मजदूरों की अनदेखी





### दिन की बजाए रात में काम

ठेकेदार द्वारा यहां दिन की बजाए बाहरी मजदूरों से रात में काम लिया जा रहा है। रात के समय निर्माण कार्य कराए जाने से डेम और नाली की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### 254 का जॉब कार्ड फिर भी एमपी के मजदूरों से काम

इस सबंध में ग्राम पंचायत नेगानार के ग्रामीण सोनसिंह मौर्य, बोनो राम, दामूदर बघेल, सोनारु, कमलेश, पूरन, कमलोचन, लुदरू, ईश्वर, विनोद बघेल ने बताया कि ठेकेदार सिद्धार्थ जैन द्वारा एमपी के मंडला से मजदूरों को लाकर काम कराया जा रहा हैं । नेगानार और मंगनार के 254 ग्रामीणों का जॉब कार्ड बना हुआ है बाहरी मजदूरों से काम कराए जाने से स्थानीय जॉब कार्डधारियों व स्थानीय लोगों में रोष देखा जा रहा है। रोजगार सहायक सचिव बुदरूराम कश्यप ने बताया कि 254 स्थानीय मजदूरों का जॉब कार्ड बना हुआ है।

### टेंडर वर्क में ठेकेदार करा सकता है काम

टेंडर वर्क में जरूरी नहीं होता है कि ठेका लेने वाली एजेंसी या ठेकेदार स्थानीय जॉब कार्डधारियों से ही काम लें। श्रम विभाग के नियमों के अनुसार बाहरी मजदूरों से भी दिन हो या रात काम लिया जा सकता है। ठेकेदार शासकीय नियमों का पालन करते हुए काम करा सकता है, हमारा दायित्व समय सीमा में काम पूरा कराना होता है। **वेद प्रकाश पाण्डे**, ईई, जल संसाधन विभाग

